# पृष्ठभूमि 4

तुरंत जारी करने हेतु | वित्त मंत्रालय
2021FIN0023-000744
20 अप्रैल, 2021

**महामारी और आर्थिक पुन:प्राप्ति के दौरान बी सी के व्यवसायों की सहायता**

बजट 2021 के द्वारा बी सी के व्यवसायों की सहायता साधनों और सेवाओं तक पहुँच होती रहेगी ताकि इस चुनौतीपूर्ण समय के दौरान क्षेत्रों को सहारा देने में मदद मिल सके; विशेष तौर पर उन को जो कोविड-19 से सब से अधिक प्रभावित हुए हैं।

बजट 2021 के द्वारा स्ट्रॉन्गर बी सी आर्थिक पुन:प्राप्ति योजना में नियोजित ग्रांटों और सेवाओं का दायरा बढ़ाया गया है ताकि इस महामारी के दौरान बी सी के व्यवसायों की मदद की जा सके और उन को आर्थिक पुन:प्राप्ति के लिए तैयारी करने में सहायता दी जा सके। चल रहे सहायता साधनों में शामिल हैं:

- $150 मिलियन, ताकि स्ट्रॉन्गर बी सी आर्थिक पुन:प्राप्ति योजना के अंतर्गत ऐलान किये गए स्ट्रॉन्गर बी सी इनक्रीज़ड एम्प्लॉयमेंट इंसेंटिव टैक्स क्रेडिट में मदद दी जा सके जो निजी क्षेत्र के उन रोज़गार प्रदाताओं को टैक्स राहत प्रदान करता है जिन्होंने 2020 की अंतिम तिमाही में नए कर्मचारियों या मुआवज़े में इजाफे के द्वारा अपने वेतन भुगतान में विस्तार किया है।
- $35 मिलियन, ताकि बी सी के किसानों की अस्थाई विदेशी कामगार रखने में मदद की जा सके जो बी सी की फ़सल कटाई को कोविड-19 से सुरक्षित रखने में सहायता कर रहे हैं।
- $10 मिलियन तीन सालों के दौरान, ताकि बी सी के उत्पादों के लिए घरेलू बाज़ार को मज़बूत करने और इस का दायरा बढ़ाने के लिए ग्रो बी सी, फ़ीड बी सी, बाई बी सी रणनीतियों का दायरा बढ़ाया जा सके।
- चुनिंदा उपकरणों और मशीनरी में पूँजीगत निवेशों पर पी एस टी में छूट, जो एक ऐसी टैक्स सहायता है जिस से व्यवसायों को आधार कायम करने और संचालन विधियों का स्तर बढ़ाने में मदद मिलेगी जो प्रस्तुत किए जाने के लिए खुला है और सितम्बर 2021 तक जारी रहेगा जिस के लिए बी सी के 110,000 निगमित व्यवसाय योग्य हैं।
- $195 मिलियन की माली मदद, ताकि छोटे और मध्यम आकार के व्यवसायों के लिए आर्थिक पुन:प्राप्ति प्रोग्राम जारी रखा जा सके। कारोबारी समुदाय के साथ विचार विमर्श करने के साथ, इस प्रोग्राम तक पहुँच करना अब और ज़्यादा आसान हो गया है और अधिक कारोबार इस के लिए योग्य हो गए हैं।

प्रांतीय सरकार महामारी के इस पूरे समय के दौरान व्यवसायों को सहायता साधन प्रदान करती आ रही है। 2020 के पतझड़ में स्ट्रॉन्गर बी सी आर्थिक पुन:प्राप्ति योजना में 2020-21 के प्रारंभ के सहायता साधनों में शामिल है:

- $44 मिलियन लांच ऑनलाइन प्रोग्राम के लिए, जिस से व्यवसायों के लिए उन का ई-कामर्स तैयार करने के लिए या उसे बेहतर बनाने के लिए उन को प्रौद्योगिकी कंपनियों के साथ जोड़ा जाएगा और व्यवसायों को अपनी ऑनलाइन बिक्री को उभारने में मदद देने के लिए डिजिटल मार्किटिंग प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा।
- $10 मिलियन, ताकि नई प्रौद्योगिकी और उत्पादों का वाणिज्यीकरण कर के छोटे और मध्यम आकार के व्यवसायों की बाज़ार में अपने उत्पादों तक पहुँच को बढ़ाने में सहायता कर के बी सी में मूल्य-वर्धित (वेल्यु एडिड) उत्पादन में विस्तार किया जा सके और बी सी के स्पलाई सिलसिले को मज़बूत करने में मदद करने के लिए व्यवसायों के लिए $6 मिलियन की ग्रांटें।
- $7.5 मिलियन, ताकि बी सी के विकसित हो रहे एग्री-टेक उद्योग को सहायता दी जा सके।
- $7 मिलियन, ताकि बी सी के फूड हब नेटवर्क का दायरा बढ़ाया जा सके और खेती नवरीति और भोजन संसाधन में मदद दी जा सके।
- 2020 के कैलंडर साल में व्यापारिक संपत्ति टैक्स में औसतन 25% की कमी, जिस से व्यवसायों को $700 मिलियन से अधिक की छूट मिली।
- कैनेडा इमरजेंसी कमर्शियल रेंट असिस्टेंस प्रोग्राम, जिस में फेडरल सरकार के साथ ख़र्च सांझा है, जिस से बेदख़ली पर प्रतिबन्ध और पिछले वर्ष व्यवसायों के बंद होने का सिलसिला शिखर पर पहुँचने के दौरान किराए में 75% तक की छूट से व्यवसायों को सितम्बर 2020 के अंत तक सहायता मिली।

**बी सी के सब से अधिक प्रभावित क्षेत्रों को सहारा**

इस महामारी से सभी क्षेत्र एक ही जैसे ढंग से प्रभावित नहीं हुए। जैसे जैसे विभिन्न क्षेत्रों को पेश चुनौतियां और उधिक स्पष्ट हुई हैं, सरकार ने सहायता साधनों को इन की ज़रूरतों के लिए सही बैठने के अनुरूप बनाया है।

पर्यटन

पर्यटन संचालकों के लिए, कोविड-19 के कारण सीमाएं बंद हो गईं और यात्रा करने पर रोक लग गई जिस पर यह कारोबार निर्भर करते हैं। सरकार ने पिछले  वर्ष के दौरान इस क्षेत्र के साथ नज़दीक से काम किया है ताकि इस चुनौतीपूर्ण समय के दौरान इन की मदद की जा सके, जिस में शामिल है:

- $68 मिलियन, 2020 की पतझड़ में स्ट्रॉन्गर बी सी योजना में पर्यटन राहत और आर्थिक पुन:प्राप्ति के उपायों के लिए, जिस में उन के पर्यटन बुनियादी ढांचे के निर्माण, स्थिति अनुकूल बनाने और विविधता लाने के लिए नगरपालिकाओं की मदद करने के लिए निवेश शामिल हैं और बी सी को घरेलू स्तर पर बाज़ार में पेश करने के लिए और जब पर्यटकों का फिर से स्वागत करना सुरक्षित हो जाएगा, तो अंतरराष्ट्रीय पर्यटन बाज़ार में इस का स्थान निश्चित करने के लिए डेस्टिनेशन बी सी के द्वारा माली मदद।
- $5 मिलियन, ताकि स्थानिक मूलवासी पर्यटन व्यवसायों को राहत और आर्थिक सेहतमंदी प्रदान करने के लिए $45,000 तक की ग्रांटों से मदद दी जा सके जब कि कारोबार कोविड-19 के चल रहे आर्थिक प्रभावों में रास्ता तलाश कर रहे हैं।
- $100 मिलियन, जो 2020 की पतझड़ में ऐलान किये गए छोटे और मध्यम आकार के व्यवसायों के लिए अनुदान के रुप में माली मदद का हिस्सा है, पर्यटन संचालकों के लिए नियोजित है।

जब कि अब बी सी इस महामारी से आर्थिक पुन:प्राप्ति की तरफ कदम बढ़ा रहा है, तो सरकार कारोबारी और पर्यटन सांझेदारें के साथ साथ स्वास्थ्य अधिकारियों के साथ भी सहयोग करती रहेगी ताकि यह यकीनी बनाया जा सके कि बी सी का पर्यटन क्षेत्र जब भी ऐसा करना सुरक्षित हो, वापस लौटने और संसार का फिर से स्वागत करने के लिए तैयार रहे। बी सी के पर्यटन क्षेत्र की एक मज़बूत भविष्य के लिए तैयारी करने में मदद करने के लिए, सरकार यह निवेश करेगी:

- $100 मिलियन, बजट 2021 के द्वारा, ताकि 2021-22 में आरंभ हो रही पर्यटन पुन:प्राप्ति को सहारा दिया जा सके, जिस में प्रमुख आकर्षक स्थानों के लिए सहायता शामिल है जो ब्रिटिश कोलंबिया को एक विलक्षण गंतव्य  बनाने में मदद करते हैं।
- बजट 2021 में कम्युनिटी डेस्टिनेशन डिवेल्पमेंट ग्रांटों के लिए अधिकतर $20 मिलियन जो समुदायों की ट्रेलों और हवाई अड्डों में सुधार करने जैसे नए पर्यटन बुनियादी ढांचे के द्वारा भविष्य के पर्यटकों के लिए तैयारी करने में मदद करेंगी।

कला और संस्कृति

कला संस्थाओं और मनोरंजन एवं कार्यक्रम उद्योगों के लिए, इस महामारी का प्रायः अर्थ होता था थियेटरों, आर्ट गैलरियों और संगीत कार्यक्रमों में बत्तीयों का बंद होना, शो रद्द होना और दर्शकों के साथ जुड़े रहने के लिए नए नवप्रवर्तनशील तरीकों की ज़रूरत पड़ना। बी सी के कला और मनोरंजन समुदायों के नेताओं के साथ सरकार ने नज़दीक से सहयोग किया है ताकि नियोजित पुन:प्राप्ति के लिए माली मदद उत्पन्न की जा सके और 2020 की पतझड़ में स्ट्रॉन्गर बी सी आर्थिक पुन:प्राप्ति योजना के हिस्से के रुप में पहले ही $35 मिलियन से अधिक का निवेश किया गया है।

स्ट्रॉन्गर बी सी के द्वारा, सरकार ने आगामी तीन सालों के दौरान बी सी के संगीत उद्योग को सहारा देने के लिए एम्पलीफाई बी सी के द्वारा $22.5 मिलियन की माली मदद प्रदान की है। बजट 2021 में आर्टस इन्फ्रास्ट्रक्चर प्रोग्राम के लिए भी बजट दोगुना कर दिया गया है। इस के साथ तीन वर्षों के दौरान $6 मिलियन प्रदान किए जाएंगे ताकि उन ग्रांटों के द्वारा जो नए स्थानों के निर्माण, मौजूदा स्थानों को बढ़ाने या नए उपकरण खरीदने जैसे पूँजीगत सुधारों में मदद करती हैं, कला और सांस्कृतिक संस्थाओं की सेहतयाबी में मदद की जा सके।

रेस्तोरां और अतिथि सेवा

रेस्तोरां और अतिथि सेवा उद्योग को बार बार इस महामारी के बदलते भूदृश्य और प्रांतीय स्वास्थ्य अधिकारी के निर्देशों के अनुसार ढलना पड़ा है। ब्रिटिश कोलंबिया निवासियों ने देखा है कि व्यवसायों ने इस मुश्किल समय के दौरान व्यवसायों को चालू रखने में सहायता करने के लिए मिल जुल कर काम किया है और नवप्रवर्तनशील समाधान उत्पन्न किये हैं। सरकार इस तरह से रेस्तोरां और अतिथि सेवा उद्योग को सहारा दे रही है:

- सर्कट ब्रेकर बिज़नेस रिकवरी ग्रांटों के द्वारा $50 मिलियन से अधिक के साथ सब से हाल के स्वास्थ्य प्रतिबंधों के दौरान 14,000 रेस्तोरां, बार, बरूवरियों, वाईनरियों, जिम और फ़िटनेस सेंटरों को सहारा देना।
- रेसतोरां, बार और पर्यटन संचालकों की लिकर लाईसेंसों के साथ बीयर, वाइन और शराब स्थायी तौर पर थोक लिकर कीमत पर खरीदने में मदद करना ताकि उन को कुछ अतिरिक्त माली राहत हासिल हो सके।
- भोजन डिलिवर करने वाली कंपनियों द्वारा रेसतोरां से वसूल की जाने वाली फ़ीस की सीमा अस्थाई तौर पर अधिक से अधिक 15% तक रखने का निर्देश जारी करना ताकि ज़्यादातर लोगों के खाना घरों में ही खा रहे होने के कारण रेसतोरां ऑनलाइन संचालित होते रह सकें।
- महामारी के दौरान नौकरी से फ़ारिग किए गए सैंकड़ों ही पर्यटन और अतिथि सेवा क्षेत्र के कर्मचारियों को पूरे बी सी में टीकाकरण कलीनिकों पर ग़ैर-क्लिनीकल स्टाफ के तौर पर बी सी की टीकाकरण योजना में मदद करने के लिए भरती करना।

गूरमे हॉलिडे डिनर डिलिवर करने वाले रेसतोरां से ले कर स्थानिक कला संस्थाओं द्वारा ऑनलाइन स्ट्रीमिंग तक, बी सी के व्यवसायों ने पुनर-विचार और पुनर-युक्ति के लिए रचनात्मकता और नवरीति का प्रयोग किया है। जिन व्यवसायों को अब ज़रूरत है, उन को सहारा देने के लिए और बी सी के सभी व्यवसायों को स्थिति अनुरूप ढल कर भविष्य की ओर कदम बढ़ाने में सहायता देने के लिए सरकार मौजूद है।

**संपर्क:**

वित्त मंत्रालय
मीडिया संपर्क
250 387-5710

---